Website : www.highwaychannel.in

छत्तीसगढ़ का सर्वाधिक प्रसारित शाम का अखबार

# हाईवे चैनल

▫ वर्ष- 27 ▫ अंक- 319 ▫ रायपुर, शुक्रवार 13 दिसम्बर 2024 ▫ पृष्ठ-8 ▫ मूल्य- 2.50 रुपया • रायपुर • बिलासपुर • जगदलपुर से प्रकाशित RNI रजिस्ट्रेशन नं. 68139/98

## हमारी सरकार का पहला साल सभी की सहभागिता और विश्वास के साथ विकास के लिए रहा समर्पित : साय



■ मुख्यमंत्री ने सरकार का एक वर्ष पूर्ण होने पर राज्य की जनता के नाम दिया संदेश

**रायपुर,** 13 दिसंबर (हाईवे चैनल)। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने सरकार के एक वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर राज्य की जनता के नाम अपने संदेश में कहा है कि 13 दिसम्बर को हमारी सरकार का पहला साल पूरा हो रहा है। हमारा यह पहला साल आप सभी की सहभागिता और विश्वास के साथ विकास के लिए समर्पित रहा। बीते 12 महीनों में छत्तीसगढ़ प्रदेश ने विकास के नये आयाम स्थापित किए हैं। विकसित भारत के निर्माण के लिए विकसित छत्तीसगढ़ के निर्माण के अपने संकल्प को पूरा करने की दिशा में हम सफलता के साथ लगातार आगे बढ़े हैं। इस दौरान हमने प्रदेश के सभी वर्गों के कल्याण के लिए काम किया और उपलब्धियां हासिल की, हमारी प्राथमिकता में वे लोग रहे जो सामाजिक और आर्थिक रूप से पिछड़े हुए हैं।

मुख्यमंत्री साय ने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी ने हमें अंत्योदय का संदेश दिया है। इसी के अनुरूप हमने प्रदेश के अंतिम व्यक्ति तक विकास को पहुंचाने के लिए लगातार काम किया है। हमने राज्य के जनजातीय समाज के गौरव को फिर से ऊंचाई पर स्थापित करने में सफलता प्राप्त की है। उनकी आय और रोजगार में वृद्धि के लिए अनेक कदम उठाए गए। तेन्दूपत्ता संग्रहण दर 4 हजार रुपए मानक बोरा से बढ़ाकर 5 हजार 500 रुपए मानक बोरा कर दी गई, जनजातीय क्षेत्रों में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए नई उद्योग नीति में पर्यटन को शामिल किया गया। उन्होंने कहा कि हमारी नई उद्योग नीति से राज्य के औद्योगिक क्षेत्र में भी विकास की नई संभावनाओं का सृजन हुआ है। यह नीति प्रदेश की अर्थव्यवस्था को मजबूत करेगी। हमने इस नीति को रोजगार परक बनाया है। हमने किसानों से किया गया वादा पूरा करते हुए 3100 रुपए प्रति क्विंटल की दर और 21 क्विंटल प्रति एकड़ के मान से धान की खरीदी की। प्रदेश की माताओं-बहनों से किए गए वादे को पूरा करते हुए महतारी वंदन योजना शुरू की गई। इसका लाभ 70 लाख माताओं-बहनों को मिल रहा है।

मुख्यमंत्री साय ने कहा कि जरूरतमंद परिवारों के लिए 18 लाख प्रधानमंत्री आवास उपलब्ध कराने के अपने वादे को पूरा करने के लिए सरकार बनने के दूसरे ही दिन कैबिनेट की बैठक में निर्णय लिया गया। इस निर्णय पर तेजी से अमल करते हुए आवासों के निर्माण के लिए बड़ी राशि भी जारी की गई। इस तरह हमने यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी की अधिकांश गारंटियों को एक साल के भीतर ही पूरा कर दिया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी एक बड़ी कामयाबी यह भी है कि हम बस्तर के अंदरूनी गांव तक लोकतंत्र और विकास की किरणों को पहुंचाने में सफल हुए। नक्सलवाद के पूरी तरह खात्में के लक्ष्य की ओर तेजी से आगे बढ़ें हैं। छत्तीसगढ़ में नक्सलवाद अब अंतिम सांसें गिन रहा है। उन्होंने कहा कि हमने वादा किया था कि हम राज्य में सुशासन स्थापित करेंगे। इसके लिए तकनीक का प्रयोग करते हुए शासन-प्रशासन को पारदर्शी और भ्रष्टाचार मुक्त बनाने में हमें अच्छी कामयाबी मिली है। छत्तीसगढ़ राज्य निर्माता, पूर्व प्रधानमंत्री, भारत रत्न स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी जी के सुशासन के सपने को हम लगातार साकार कर रहे हैं। पुराणों में जिसे राम-राज कहा गया है, उसे ही हम सुशासन कहते हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि अपने वादे के मुताबिक हमने सीजीपीएससी परीक्षा प्रणाली को बेहतर बनाया है। पूरी पारदर्शिता के साथ परीक्षाएं हुई और उनके परिणाम घोषित हुए। इससे राज्य की प्रतिभाओं का विश्वास सीजी पीएससी पर लौट आया है। सबका साथ, सबका विश्वास, सबका विकास और सबका प्रयास की नीति पर चलते हुए हम आने वाले दिनों में भी विकास के नये सोपान तय करेंगे। आप सभी को इन उपलब्धियों की बहुत-बहुत बधाई।

**प्रमोशन मामले में हाईकोर्ट ने दिया महत्वपूर्ण फैसला**

## भर्ती और प्रमोशन नियम को चुनौती देने वाली सभी याचिकाओं को किया खारिज



शिक्षकों को झटका

**बिलासपुर,** 13 दिसंबर (हाईवे चैनल)। हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा और जस्टिस अमितेंद्र किशोर प्रसाद की डिवीजन बेंच ने अपने महत्वपूर्ण फैसले में कहा है कि प्रमोशन का अवसर संवैधानिक या कानूनी अधिकार नहीं हैं। बेंच ने भर्ती और प्रमोशन नियम को चुनौती देने वाली सभी याचिकाओं को खारिज कर दिया है। बेंच ने कहा कि सरकार ने पदोन्नति के लिए नियम तय करने में शिक्षा विभाग में पहले से कार्यरत लेक्चरर के हितों को ध्यान में रखा है। 65 फीसदी पदों में से 70 फीसदी पद ई संवर्ग के लेक्चरर के लिए आरक्षित किए गए हैं।

कोर्ट ने कहा कि शिक्षाकर्मी के संविलियन के बाद शिक्षा विभाग में आए लेक्चरर एलबी के लिए 30 फीसदी पद आरक्षित किए गए हैं। ऐसे में नियम को असंवैधानिक घोषित नहीं किया जा सकता। दरअसल, शिक्षा विभाग में कार्यरत राजेश कुमार शर्मा, सुनील कौशिक, जितेंद्र शुक्ला, संजय तंबोली समेत अन्य ने हाईकोर्ट में अलग-अलग याचिकाएं दायर की थी। इसमें छत्तीसगढ़ स्कूल शिक्षा (शैक्षणिक एवं प्रशासनिक संवर्ग) भर्ती एवं पदोन्नति नियम, 2019 की अनुसूची 2 की प्रविष्टि 18 को अवैध घोषित करने की मांग की गई थी।

## न कोई नया केस दर्ज होगा, न अदालतें पारित कर सकेंगी आदेश



प्लेसेस ऑफ वर्शिप एक्ट पर सुप्रीम कोर्ट

**नई दिल्ली,** 13 दिसम्बर (न्यूज चैनल)। उच्चतम न्यायालय ने गुरुवार को एक महत्वपूर्ण निर्देश देते हुए देश की सभी अदालतों को 1991 के कानून के तहत धार्मिक स्थलों के सर्वेक्षण सहित राहत मांगने वाले किसी भी मुकदमे पर विचार करने और कोई भी प्रभावी अंतरिम या अंतिम आदेश पारित करने से रोक दिया। मुख्य न्यायाधीश संजीव खन्ना, न्यायमूर्ति संजय कुमार और न्यायमूर्ति के वी विश्वनाथन की पीठ ने यह निर्देश पूजा स्थल (विशेष प्रावधान) अधिनियम, 1991 से संबंधित याचिकाओं और प्रतिवाद याचिकाओं पर दिया।

1991 का कानून किसी भी पूजा स्थल के धार्मिक स्वरूप में परिवर्तन पर रोक लगाता है तथा किसी भी पूजा स्थल के धार्मिक स्वरूप को उसी रूप में बनाए रखने का प्रावधान करता है जैसा वह 15 अगस्त, 1947 को था। उल्लेखनीय है कि पीठ ने कहा कि उसके अगले आदेश तक कोई नया मुकदमा दायर या पंजीकृत नहीं किया जाएगा तथा लंबित मामलों में अदालतें उसके अगले आदेश तक कोई भी प्रभावी अंतरिम या अंतिम आदेश देने से बचेंगी। पीठ ने कहा, हम 1991 के अधिनियम की शक्तियों, स्वरूप और दायरे की जांच कर रहे हैं। साथ ही, यह भी कहा कि अन्य सभी अदालतों से इस मामले में हाथ न डालने को कहना उचित होगा।हिंदू पक्ष की ओर से पेश हुए कई वकीलों ने इस आदेश का विरोध करते हुए कहा कि उन्हें सुने बिना यह आदेश पारित नहीं किया जाना चाहिए। पीठ ने केंद्र से इन याचिकाओं और प्रतिवादों पर चार सप्ताह के भीतर जवाब दाखिल करने को कहा तथा केंद्र द्वारा जवाब दाखिल करने के बाद अन्य पक्षों को अपना प्रत्युत्तर दाखिल करने के लिए चार सप्ताह का अतिरिक्त समय दिया।पीठ दलीलें पूरी होने के बाद सुनवाई की अनुमति देगी।

### ब्रेकिंग न्यूज

### मंत्रियों के नाम तय, केंद्रीय नेतृत्व करेगा अंतिम फैसला : फडणवीस

**नई दिल्ली,** 13 दिसम्बर (न्यूज चैनल)। महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेन्द्र फडणवीस ने बृहस्पतिवार को कहा कि उनके मंत्रिमंडल में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के संभावित मंत्रियों के नाम तय हो गये हैं और अंतिम निर्णय पार्टी का केंद्रीय नेतृत्व करेगा। दिल्ली के दो दिवसीय दौरे पर आए फडणवीस ने बुधवार रात केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, भाजपा के अध्यक्ष जे पी नड्डा और पार्टी के वरिष्ठ नेता बी एल संतोष के साथ अपने मंत्रिमंडल के विस्तार पर चर्चा की। बैठक के दौरान भाजपा की महाराष्ट्र इकाई के प्रमुख चंद्रशेखर बावनकुले भी मौजूद थे। पिछले हफ्ते महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री पद की शपथ लेने वाले फडणवीस ने कहा, ''हमें अभी मंत्रिमंडल विस्तार की तारीख तय करनी है। फॉर्मूला तय हो चुका है और आपको जल्द ही इसके बारे में पता चल जाएगा। दूसरी तरफ, राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) के प्रमुख अजित पवार ने कहा कि महाराष्ट्र मंत्रिमंडल का विस्तार 14 दिसंबर को हो सकता है। पिछले महीने महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में भाजपा नीत महायुति ने शानदार जीत दर्ज की थी। भाजपा-शिवसेना-राकांपा गठबंधन ने 230 सीटें जीतीं, जबकि गठबंधन में शामिल छोटे दल पांच सीटों पर विजयी हुए।

## मुठभेड़ में जवानों ने 2 नक्सलियों को किया ढेर

**बीजापुर,** 13 दिसंबर (हाईवे चैनल)। छत्तीसगढ़ के बीजापुर में आज फिर नक्सलियों और पुलिस के बीच मुठभेड़ जारी है. यह मुठभेड़ बासागुड़ा थानाक्षेत्र के नेंड्रा जंगलों में हो रही है. सुरक्षा बल के जवानों ने सूझ-बूझ और हिम्मत से 2 नक्सलियों को मार गिराया है. पुलिस ने दोनों पुरुष माओवादियों के शव बरामद कर लिए हैं. वहीं मुठभेड़ अभी भी जारी है. बीजापुर के एडिशनल एसपी चंद्रकांत गवर्ना ने इस मुठभेड़ की पुष्टि की है. सुरक्षा बलों द्वारा मुठभेड़ स्थल पर तलाशी अभियान जारी है, ताकि इलाके में बाकी नक्सलियों को पकड़ा जा सके।



## अल्लू अर्जुन गिरफ्तार, संध्या थिएटर में हुई भगदड़ मामले में पुलिस ने लिया एक्शन, एक महिला की हुई थी मौत



**नई दिल्ली,** 13 दिसम्बर (न्यूज चैनल)।संध्या थिएटर भगदड़ मामले में अल्लू अर्जुन को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। %पुष्पा 2% की प्री-रिलीज के दौरान हैदराबाद के संध्या थिएटर में भगदड़ मच गई। एक की जान चली गई। इस घटना को लेकर चिक्कडपल्ली पीएस में मामला दर्ज किया गया है। आज पुलिस बन्नी को गिरफ्तार कर चिक्कडपल्ली पीएस ले गई।

हैदराबाद के संध्या थिएटर में %पुष्पा 2% की स्क्रीनिंग के दौरान मची भगदड़ में एक महिला की मौत हो गई थी। इस घटना पर पुलिस द्वारा दर्ज किए गए मामले को खारिज करने की मांग करते हुए अल्लू अर्जुन ने 11 दिसंबर को हाई कोर्ट का दरवाजा खटखटाया था। उनके वहां पहुंचने के कारण मची भगदड़ में महिला की मौत हो गई थी। इसके बाद केस हुआ तो अल्लू अर्जुन ने चिक्कडपल्ली पुलिस द्वारा लिखी गई एफआईआर को खारिज करने के लिए याचिका दायर की।

उन्होंने कहा कि यह दुखद है कि इस घटना में महिला की मौत हो गयी। उन्होंने कहा कि किसी फिल्म की रिलीज के मौके पर थिएटर में आना उनके लिए स्वाभाविक है, लेकिन उन्होंने कहा कि वह पहले भी कई बार थिएटर में आ चुके हैं, लेकिन ऐसी घटनाएं कभी नहीं हुई। एक्टर ने कहा कि उन्होंने थिएटर प्रबंधन और एसीपी को सूचित किया कि वह थिएटर के पास आ रहे हैं। उनके मुताबिक, कोई लापरवाही नहीं हुई और आरोप झूठे हैं।

### संविधान किसी पार्टी की देन नहीं, यह राष्ट्रबनाने का रोडमैप : राजनाथ



**नई दिल्ली,** 13 दिसम्बर (न्यूज चैनल)। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने लोकसभा में संविधान पर बहस की शुरुआत की। यह बहस संविधान को अपनाने की 75वीं वर्षगांठ का प्रतीक है। रक्षा मंत्री ने संविधान की सराहना करते हुए इसे देश को एकजुट, लोकतांत्रिक और आत्मनिर्भर बनाए रखने का रोडमैप बताया। उन्होंने कहा कि संविधान सभा द्वारा तैयार संविधान सिर्फ कानूनी दस्तावेज नहीं, बल्कि लोगों की आकांक्षाओं का प्रतिबिंब है। उन्होंने साफ तौर पर पर कहा कि हमारा संविधान सामाजिक, आर्थिक, राजनीतिक और सांस्कृतिक जीवन के सभी पहलुओं को छूते हुए विकास का मार्ग प्रशस्त करता है। बिना नाम लिए कांग्रेस पर निशाना साधते हुए राजनाथ सिंह ने कहा कि संविधान निर्माण में बहुत से लोगों की भूमिका को जानबूझकर नकारा गया।

## कांग्रेस ने जारी की 21 उम्मीदवारों की पहली लिस्ट

केजरीवाल के खिलाफ लड़ेंगे संदीप दीक्षित

**नई दिल्ली,** 13 दिसम्बर (न्यूज चैनल)। केजरीवाल ने वर्ष 2013 के विधानसभा चुनाव में नयी दिल्ली से दिल्ली की तत्कालीन मुख्यमंत्री एवं संदीप दीक्षित की मां शीला दीक्षित को पराजित किया था। केजरीवाल आप की तरफ से इस बार अब तक उम्मीदवार घोषित नहीं किए गए हैं, हालांकि माना जा रहा है कि वह एक बार फिर से इस सीट से चुनावी मैदान में उतरेंगे। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष देवेंद्र यादव को बादली से टिकट दिया गया है। वह पहले भी इस सीट विधायक रह चुके हैं। कांग्रेस ने दिल्ली सरकार के पूर्व मंत्री हारून यूसुफ को बल्लीमारान, प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष चौधरी अनिल कुमार को पटपड़गंज और राष्ट्रीय प्रवक्ता रागिनी नायक को वजीरपुर से से उम्मीदवार बनाया है। पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री के पौत्र आदर्श शास्त्री को द्वारका से उम्मीदवार बनाया गया है। पिछले दिनों आम आदमी पार्टी छोड़कर कांग्रेस में शामिल हुए विधायक अब्दुल रहमान को उनके वर्तमान क्षेत्र सीलमपुर से चुनावी मैदान में उतारा गया है। अनिल भारद्वाज को सदर बाजार, मुदित अग्रवाल को चांदनी चौक, जय किशन को सुल्तानपुर माजरा और अली मेहदी को मुस्तफाबाद से टिकट दिया गया है।

### आरबीआई को बम से उड़ाने की धमकी

**नई दिल्ली,** 13 दिसम्बर (न्यूज चैनल)। दिल्ली के स्कूलों को धमकी के बाद अब भारतीय रिजर्व बैंक को बम से उड़ाने की धमकी मिली है। धमकी के बाद हड़कंप मच गया है। धमकी भरा ईमेल बैंक के गवर्नर को मिला, जो उनकी मेल आईडी पर ही भेजा गया। यह ईमेल रूसी भाषा में लिखा है, जिसकी जानकारी मिलते ही गवर्नर ने सिक्योरिटी को अलर्ट किया। आरबीआई को इससे पहले भी बम से उड़ाने की धमकी मिली थी। इसी साल नवंबर में ही आरबीआई के ग्राहक सेवा विभाग को एक धमकी भरा कॉल आया था। कॉल सुबह 10 बजे के करीब आया था और धमकी देते वाले व्यक्ति ने कहा था कि वो लश्कर-ए-तैयबा का सीईओ है।

